आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 पेश किया। यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा।

इस विधेयक का मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांव का समग्र विकास करना है। गांव में हुए सामाजिक आर्थिक बदलावों को देखते हुए केंद्र सरकार विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 लेकर आई है। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी, बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है। वहीं, नए विधेयक में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इस विधेयक का उद्देश्य चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के माध्यम से रोजगार और टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना का निर्माण करना है। इनमें जल संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका संबंधी अवसंरचना और मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। इस नए विधेयक के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

विधेयक पेश करते हुए कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी सहित विपक्षी दलों के कई सदस्यों ने विधेयक का विरोध किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ और पूर्व सांसद महंत डॉक्टर रामविलास दास वेदांती को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनका पूरा जीवन अयोध्या धाम में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण और अयोध्या धाम के विकास के लिए समर्पित रहा है। एक प्रकार से कहें तो पूरा जीवन उन्होंने रामकाज के लिए अपना समर्पित किया था।

श्री वेदांती का कल मध्य प्रदेश के रीवा में निधन हो गया था।

****

भारत में इस वर्ष नवंबर में बेरोजगारी दर घटकर चार दशमलव सात प्रतिशत हो गई। यह पन्द्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अप्रैल माह के बाद से सबसे कम है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मासिक श्रम बल और बेरोजगारी आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण बेरोजगारी घटकर तीन दशमलव नौ प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई। शहरी बेरोजगारी घटकर छः दशमलव पांच प्रतिशत हो गई।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत आज अंतिम दल प्रयागराज पहुंचा। त्रिवेणी संगम के वीआईपी घाट पर प्रयागराज जिला प्रशासन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद दल ने संगम में स्नान किया। इस अंतिम दल में दो सौ सोलह धर्म गुरु और पचास तमिल शिक्षक शामिल थे।

****

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान ने उन्नीस सौ इकहत्तर में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा का उद्घाटन किया। इस दीर्घा में परम वीर चक्र से सम्मानित सभी इक्कीस विजेताओं के चित्र प्रदर्शित हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विजय दिवस के अवसर पर अपना सर्वस्व बलिदान कर देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के जांबाजों की अदम्य वीरता ने वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में देश को ऐतिहासिक विजय दिलाई। राष्ट्र उनके त्याग का ऋणी है, और उनकी अमर वीरगाथा से प्रेरित भारत सदैव अजेय रहेगा।

****

मथुरा में आज तड़के कई बसों की टक्कर में तेरह लोगों की मौत हो गई और सत्तर से अधिक लोग घायल हो गए। यह हादसा मथुरा के बलदेव इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुआ, जहां बसों की टक्कर के कारण वाहनों में भीषण आग लग गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह घटना सुबह करीब चार बजे हुई, जब ज्यादातर यात्री सो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो –दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारवालों को दो –दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

वहीं उन्नाव जिले के थाना बांगरमऊ क्षेत्र के तहत आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर आज सुबह हुई एक अन्य दुर्घटना में एक फॉर्च्यूनर कार सवार चार लोगों की मौत हो गई।

****